## संक्षिप्त

### शहर में खुले में शौच करने पर होगा जुर्माना

**निवाई।** नगर पालिका द्वारा स्वच्छ भारत मिशन 2.ओ के अंतर्गत निवाई शहर को खुले में शौच मुक्त घोषित किया गया है। पालिका अध्यक्ष व अधिशासी अधिकारी ने बताया कि पालिका क्षेत्र को खुले में शौच/यूरीनेशन मुक्त घोषित किया है। उन्होंने बताया कि यदि कोई भी व्यक्ति पालिका क्षेत्र में खुले में शौच करते व मूत्र विसर्जन करते हुए पाया जाता है तो नगर पालिका द्वारा कार्यवाही करते हुए उस व्यक्ति पर जुर्माना किया जाएगा।

### शिवदासपुरा विजेता व चाकसू रही उप विजेता

**निवाई ।** गांव काचरिया के क्रिकेट मैदान में डीडीसी क्रिकेट प्रतियोगिता का समापन समारोह पूर्वक हुआ। डीडीसी कमेटी के सदस्यों ने बताया कि प्रतियागिता में फाइनल मैच शिवदासपुरा व चाकसू के मध्य खेला गया। जिसमें शिवदासपुरा ने चाकसू को 15 रन से पराजित किया। विजेता टीम को 31 हजार की रूपए नकद राशि व ट्रॉफी व उपविजेता टीम को 15 हजार रूपए की नकद राशि एवं ट्रॉफी दी गई। प्रतियागिता में मेन ऑफ द सीरीज कृष्ण शिवदासपुरा रहे। जिनको 11 हजार रूपए की नकद राशि व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया गया।

### निःशुल्क चिकित्सा शिविर में 85 मरीज लाभान्वित

**कोटपूतली।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सरूण्ड स्थित पुलिस थाना के सामने दा विंग्स स्कूल में श्री कुंज बिहारी संस्थान जयपुर एवं युवा सेवा समिति भोजावास द्वारा निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मेडिसना अस्पताल के डॉ. जितेंद्र तंवर व उनकी टीम ने अपनी सेवायें दी। जिसमें लगभग 85 लोगों ने अपना ईलाज करवाया। शिविर में मौसमी बीमारियों डेंगू, मलेरिया समेत बी. पी. व शुगर आदि जाँचे निःशुल्क कर दवाईयों का वितरण भी किया गया। इस मौके पर हैप्पी शर्मा, प्रवीण, अनिल, जयदयाल, नेमी, मुनमुन व सुरेन्द्र मीणा सहित अन्य लोग मौजूद रहे। फोटो। कोटपूतली। 02। मरिजों की जांच करते चिकित्सक।

### युवक ने फांसी का फंदा लगाकर की आत्महत्या

**फुलेरा ।** फुलेरा थाना क्षेत्र के एक 33 वर्षीय एक युवक ने फांसी का फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अंतर्गत ठाम खेड़ीराम निवासी सोहन लाल रैगर पुत्र कैलाश चन्द ने 1 नवम्बर को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली थी। वहीं आगे बताया कि पुलिस ने मृतक के शव को अपने कब्जे में लेकर फुलेरा उपजिला चिकित्सालय में लाकर मोर्चरी में रखवा दिया। इसके बाद शव का पंचायत नामा एवं पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द कर दिया। इसके अलावा मृतक के परिजनों ने आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

### बैठक आयोजित

**दूदू ।** जिला मुख्यालय पर नरेना रोड स्थित राजस्थान पेंशनर समाज उप शाखा दूदू के कार्यालय सभागार में अध्यक्ष अशोक कुमार शर्मा की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की जाकर आगामी 10 नवंबर को दीपावली स्नेह मिलन समारोह आयोजित करने का निर्णय लिया गया इस अवसर पर पेंशनर साथियों से जीवित प्रमाण पत्र भरवा कर अपलोड करवाने की जिम्मेदारी भी सौंपी गई बैठक के दौरान संरक्षक सीताराम गर्ग मदार बक्ष नागोरी रघुनंदन बाहेती कैलाश चंद भाटी प्रेमचंद चौहान सहित पेंशनर समाज सदस्य मौजूदरहे

### खनिज का अवैध रूप से निर्गमन

**अलवर ।** खनि अभियन्ता मनोज कुमार शर्मा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला के निर्देशन पर खान एवं पुलिस विभाग द्वारा जिले में अवैध खनन एवं निर्गमन की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत आज सहायक खनि अभियन्ता पुष्पेन्द्र सिंह जोधा व मालाखेडा पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए अवैध खनन स्थल सताना बिलन्दी क्षेत्र में एक खनिज मैसनरी स्टोन के चार टन भरे हुए ट्रैक्टर को अनाधिकृत निर्गमन करने पर जब्त कर 26 हजार 760 रूपये की शास्ति आरोपित की। इस दौरान खनिज विभाग से प्रदीप वर्मा, चरण सिंह चौधरी हैड कांस्टेबल दयाराम, महावरी व जगमाल मय टीम मौजूद रही।

# होम वोटिंग के प्रति वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांग मतदाताओं में दिखा उत्साह

**अलवर ।** रामगढ विधानसभा उप चुनाव के तहत आज प्रथम चरण की होम वोटिंग प्रारम्भ हुई जिसमें मतदान केंद्र पर पहुंचने में असक्षम कुल 222 मतदाताओं में से 99 वरिष्ठ नागरिकों (85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग) एवं 33 विशेष योग्यजन श्रेणी के मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिले की रामगढ विधानसभा क्षेत्र में असक्षम श्रेणी के कुल 222 मतदाता हैं जिसमें से 85 वर्ष से अधिक आयु के 149 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांग श्रेणी के 73 विशेष योग्यजन है।



मतदाताओं में से 99 वरिष्ठ नागरिकों ( 85 वर्ष से अधिक आयुवर्ग ) एवं 33 विशेष योग्यजन श्रेणी के मतदाताओं ने होम वोटिंग के तहत अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार रामगढ विधानसभा उप चुनाव 2024 में होम वोटिंग के लिए 222 मतदाता चिन्हित किए गए हैं जिनमें से प्रथम चरण के तहत आज कुल 132 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का उपयोग घर पर ही किया। उन्होंने बताया कि 5 नवम्बर को भी चिन्हित मतदाताओं को होम वोटिंग के माध्यम से मतदान कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि होम वोटिंग के पहले चरण में 18 रूट तैयार किए गए हैं जिसमें से पहले दिन आज 10 रूट कवर कर पोलिंग टीमों द्वारा मतदान कराया गया है तथा मंगलवार को 8 रूट कवर कर पोलिंग टीमें शेष रहे मतदाताओं को उनके घर पहुंचकर मतदान कराएगी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में किसी कारणवश मतदान से वंचित रहने वाले मतदाताओं को 9 व 10 नवम्बर को मतदान कराया जाएगा।

■ होम वोटिंग के पहले दिन 132 वरिष्ठ नागरिकों एवं दिव्यांगजनों ने किया मतदान

घर पर वोट कर मतदाताओं ने जताई खुशी रामगढ विधानसभा उप चुनाव के तहत होम वोटिंग के प्रति पहले दिन सोमवार को वरिष्ठजन और दिव्यांग मतदाताओं में मतदान के प्रति उत्साह देखने को मिला। सभी मतदाताओं ने निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई सुविधा के लिए जिला निर्वाचन कार्यालय की व्यवस्था की सराहना की। होम वोटिंग के पहले दिन जब मतदान दल के कार्मिक मतदाताओं के घर पहुंचे तो मतदाताओं के चेहरों पर खुशी की मुस्कान छा गई। मतदाताओं ने होम वोटिंग के माध्यम से अपने मताधिकार का उपयोग कर कहा कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा होम वोटिंग के माध्यम से घर बैठे ही मतदान करने की अच्छी सुविधा प्रदान की गई है, यह एक सराहनीय कदम है।

## भाई दूज के साथ पांच दिवसीय दीपोत्सव का समापन

**मनोहरपुर।** शहर सहित आसपास के समूचे क्षेत्र में दीपोत्सव त्योहार का रविवार को भाई दूज के त्योहार के साथ समापन हुआ। जहां बहिनों ने भाईयों को तिलक लगा उनकी लंबी उम्र की कामना की वही भाइयों ने भी बहिनों को उनकी जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया।

■ भाइयों ने आजीवन रक्षा का दिया वचन

जानकारी के अनुसार भाई दूज पर रविवार को शहर सहित समूचे क्षेत्र में दिनभर सड़को पर वाहनों की आवाजाही बनी रही। बस, प्राइवेट गाड़ी आदि मे भारी भीड़ रही। जहां लोगों को वाहनों में खड़े रह कर सफर करने के लिए भी भारी मशक्कत करनी पड़ी। वही बाजारों में भी भारी भीड़ होने से वाहन रेंग-रेंग कर चल रहे थे। जिससे कई बार शहर के मुख्य बाजार में जाम के हालात रहे। जहां यातायात पुलिस के व्यवस्था संभालने के बाद भी लोगो को खासी परेशानी उठानी पड़ी। दूज पर भाई अपनी बहनों के यहां पहुंचे। वही बहने भी भाइयों की चौखट पर पहुंची। भाई बहन के अटूट रिश्ते वाले त्यौहार पर बहिनों ने भाईयों को तिलक लगा कर उनकी लंबी उम्र की कामना की। वही भाइयों ने भी बहिनों को उनकी जीवन भर रक्षा करने का वचन दिया। भाई दूज पर बहनों ने भाइयों की सुख समृद्धि और मंगलकामना के लिए व्रत रखा। भाई-बहनों का पावन पर्व भैयादूज पर बहनों ने अपने भाईयों के सिर पर रोली, चावल से तिलक किया, आरती उतारी और मिठाई खिलाई। साथ ही भाई की सुख, समृद्धि और लंबी उम्र की कामना की। वहीं भाइयों ने अपनी बहनों को आकर्षक उपहार प्रदान किए तथा रक्षा का संकल्प लिया।

**भाई दूज का पर्वः** मनोहरपुर निवासी रामावतार पप्पू असवाल, समाज सेवी संपूर्णानंद शर्मा,राजेंद्र यादव,महिपाल सिंह गुर्जर,परमेश्वर शर्मा,श्रवण असवाल,कैलाश असवाल,कैलाश संघी ने बताया कि भाई दूज मनाने की हिंदू ग्रन्थों में कई पौराणिक कथाएं है। जिनमें से एक पौराणिक कथा है कि यम द्वितीया पर यम अपनी प्यारी बहन यमुना से मिलने गए। देवी यमुना ने अपने भाई के माथे पर तिलक लगाया, आरती उतारी, मिठाई खिलाई और माला पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने काफी समय एक साथ भोजन किया और उपहारों का आदान-प्रदान किया। अपनी बहन से गर्मजोशी से स्वागत करने के बाद, यम ने घोषणा कि जो भी कोई इस दिन अपनी बहन से तिलक लगाएगा उसे लंबी आयु और सम्रद्धि प्रदान की जाएगी।

## ठेकेदार की भारी लापरवाही, एक साल पांच माह से सडक निर्माण कार्य अधूरा

**पावटा।** तहसील पावटा मे ग्रामीण सडक मुयमंत्री बजट घोषणा वर्ष 2०23-24 अंतर्गत बनने वाली सडक का निर्माण कार्य लापरवाही का शिकार हो गया है। वर्ष 2०23-24 में पावटा से कुनेड मार्ग तक 8० लाख की लागत से 2 किमी लंबी सडक निर्माण के लिए 16 जुलाई 2०23 मे निर्माण कार्य शुरू करने के आदेश जारी हुए थे। लेकिन एक साल पांच महिने बीत जाने के बाद भी सडक निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है। ठेकेदार की मनमानी और लापरवाही के कारण स्थानीय जनता में आक्रोश पनप रहा है। जब ग्रामीणों ने विधायक कुलदीप धनकड से इस बारे में शिकायत की थी, तब ठेकेदार ने सडक निर्माण कार्य शुरू तो कर दिया लेकिन निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही ठेकेदार ने काम रोक दिया, और सडक निर्माण अधूरा रह गया। वही बनी हुई सडक भी टूटना शुरू हो गई जिसमे अभी से गड्ढे पडना शुरू हो गए है। अब सडक का निर्माण कार्य अधूरा रहने से राहगीर लगातार चोटिल हो रहे हैं। आम जनमानस इस बात से बेहद नाराज है कि इस लापरवाह ठेकेदार के खिलाफ अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। यह सवाल उठना लाजमी है कि एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी प्रशासनिक अधिकारी मौन क्यों हैं? टेंडर होने के बावजूद सडक निर्माण अधूरा रहना प्रशासनिक उदासीनता को दर्शाता है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि सीसी रोड का निर्माण कार्य किया गया है ज्यों कि आज तक अधूरा है व इसमें ठेकेदार द्वारा जमकर अनियमितता बरती गई है। बनने के कुछ बाद ही सीसी रोड में दरारें आने लगी है। गुणवत्ताविहिन निर्माण के चलते ग्रामीणों में आक्रोश है। इस सीसी रोड निर्माण कार्य मे ठेकेदार ने जमकर अनियमितता बरती है। जो किसी से छिपी नही है।

## सर्वश्रेष्ठ विद्यालय पुरस्कार मिला

**मालपुरा ।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कांटोली को राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड अजमेर ने ब्लॉक स्तर पर सर्वश्रेष्ठ राजकीय विद्यालय चयनित कर दस हजार रूपये की राशि का दिया पुरस्कार। विधालय प्रधानाचार्य महेन्द्र कुमार शर्मा ने बताया कि विद्यालय द्वारा किये गये उत्कर्ष्ट कार्यो के आधार पर विद्यालय का चयन किया गया। चयनित विद्यालय को मिलने वाली दस हजार रूपये की उपहार राशि का उपयोग एसडीएनसी कार्यकारिणी को सहयोग से विद्यालय को शैक्षणिक स्तर को सुधारने के उपयोग मे ली जायेगी। यह राशि राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न जनसहभागिता से सम्बन्धित योजनाओं मे विद्यालय के स्थानीय अंश के रूप मे शामिल की जा सकेगी। विद्यालय की इस उपलब्धी पर ग्रामीणो व भामाशाहओं ने हर्ष व्यक्त किया। शिक्षक राकेश जैन ने बताया कि यह सफलता न केवल विद्यालय की पहचान को बढावा देगी बल्कि विधार्थियो को शिक्षा के क्षैत्र मे और बेहतर सहयोग करने मे साबित होगी।

## जिला निर्वाचन अधिकारी ने किया एम.सी.एम.सी. मीडिया प्रकोष्ठ का निरीक्षण

**अलवर,।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त किए गए सामान्य पर्यवेक्षक आईएएस श्री अनिल राय राज एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने मिनी सचिवालय परिसर के कक्ष संख्या 102 ए में संचालित एमसीएमसी मीडिया प्रकोष्ठ का भी निरीक्षण किया जिसमें सहायक निदेशक सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग ने संदेहास्पद पेड न्यूज पर प्रकोष्ठ द्वारा रखी जा रही निगरानी के बारे में अवगत कराया। साथ ही राजनीतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन की प्रक्रिया से भी अवगत कराया।

सामान्य पर्यवेक्षक श्री राय ने निरीक्षण के दौरान कहा कि इलैक्ट्रोनिक, प्रिंट एवं सोशल मीडिया पर निरन्तर निगरानी रखे। कोई भी संदेहास्पद समाचार आदि प्रकाशित एवं प्रसारित होना पाया जाए तो एमसीएमसी समिति द्वारा उसके पेड न्यूज के संबंध में अविलम्ब निर्धारण किया जावे। उन्होंने कहा कि इसी प्रकार आदर्श चुनाव आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित कोई भी समाचार प्रसारित एवं प्रकाशित होना पाया जाए तो तुरन्त आदर्श आचार संहिता प्रकोष्ठ को सूचना दी जावे। साथ ही उन्होंने निर्देश दिये कि राजनैतिक विज्ञापनों के अधिप्रमाणन हेतु अभ्यर्थियों को सूचित कराया जाकर नियमानुसार अधिप्रमाणन किया जावे।

## पढ़ लिखकर देश की सेवा को ही देवें प्राथमिता : कैप्टन सीताराम गुर्जर

**निवाई ।** भारतीय सेना की 27 वीं राजपूत रेजिमेंट से सेवानिवृत होकर कैप्टन सीताराम गुर्जर अपनी जन्मभूमि गांव गुड्डा पहुंचे। जिनका ग्रामीणों ने भव्य स्वात किया। कैप्टन सीताराम गुर्जर का भारतीय सेना से सेवानिवृत होने के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग से खुली जीप में जुलूस के साथ रवाना हुआ।

इस दौरान जगह-जगह सामाजिक संगठनों व जनप्रतिनिधियों ने राजस्थानी परंपरानुसार कैप्टन सीताराम का साफा व माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। झिलाय रोड स्थित गुर्जर धर्मशाला में गुर्जर समाज द्वारा कैप्टन गुर्जर का आतिशबाजी करके स्वागत किया। कैप्टन सीताराम



भारतीय सेना से सेवानिवृत होकर अपने गांव पहुंचने पर निकाले गए जुलूस में लोगों का अभिनन्दन करते हुए कैप्टन सीताराम गुर्जर।

गुर्जर ने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि पढ लिखकर देश की सेवा को ही प्राथमिता देवें। जुलूस अहिंसा सर्किल होते हुए निवाई बस स्टैंड पहुंचा जहां पार्षद मदनलाल वर्मा व पूर्व पार्षद रतनदीप गुर्जर सहित कई जनप्रतिनिधियों ने राजस्थानी परंपरा के अनुसार साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। जुलूस में डीजे पर देशभक्ति गानों पर युवक नाचते गाते चल रहे थे। बाइकों पर सवार सैंकडों युवा तिरंगा हाथ में लहराते हुए वंदे मातरम व भारत माता के जयकारे लगाते हुए चल रहे थे। इस अवसर पर देवनारायण पीटीआई, श्योजीराम फौजी, भजनलाल चेची, सूरज रजवास व दयाराम भड़ाना सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

■ कैप्टन की सेवानिवृत्त पर निकला जुलूस

## दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन

**दूदू ।** जिले के अधीन पडासोली स्थित बिफ एण्ड ब्राइट इन्जिनियरिंग कॉलेज एवं बोम्बे वर्ल्ड स्कूल के सभागार मे दीपावली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया इस अवसर पर निर्देशक डॉक्टर राकेश भारद्वाज डॉक्टर संजीव महर्षि द्वारा मां सरस्वती के छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया गया। पश्चात ग्रामीण परिवेश की भाषा में एक दूसरे छात्र-छात्राओं गुरुजनों प्रशिक्षणार्थियों ने राम राम सा के शब्दों के साथ राम राम का दिन मनाया संस्था कोषाध्यक्ष डॉक्टर निम्मी महर्षि द्वारा गत सत्र में उच्चतम प्राप्त करने करने वाले छात्र छात्राओं व उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मियों को समृद्धि चिन्ह मां सरस्वती का देकर सम्मानित किया गया।

# काबिज गाडिया लूहार व अन्य परिवारो को सदरपुरा रोड़ पर किया विस्थापित

**मालपुरा** (निस) शहर के ट्रक स्टेण्ड स्थित गणगोरी मैदान व कृषि मंडी के बाहर एवं जलदाय विभाग कार्यालय के सामने अस्थाई रूप से काबिज गाडिया लूहार सहित अन्य गरीत तबके के परिवारो को पालिका प्रशासन ने सदरपुरा रोड पर किया विस्थापित। मामले के अनुसार मालपुरा शहरी क्षैत्र मे सडक किनारे व गणगोरी मैदान पर लम्बे समय से अस्थाई रूप से विस्थापित होकर अपना जीवन यापन कर रहै गाडिया लूहार परिवारो को पूर्व मे तत्कालीन पंचायत सरपंच दिलखुश शर्मा के कार्यकाल मे तत्कालीन एसडीएम प्रभातीलाल जाट के प्रयासो से सदरपुरा रोड पर विवेकानन्द मॉडल स्कुल के सामने रिक्त पडी 19 बीघा सरकारी भूमि मे से 4 बीघा महाराणा



नगरपालिका प्रशासन ने गाडिया लूहार परिवारो को गणगोरी मैदान व फुटपाथ से हटा सदरपुरा रोड महाराणा प्रताप आवासीय कॉलोनी मे किया विस्थापित

प्रताप आवासीय कॉलोनी के नाम से आरक्षित कर उक्त भूमि पर 52 गाडिया लूहार परिवारो को पट्टे जारी किये गये थे। लगभग दो दर्जन से अधिक लाभार्थी परिवार उक्त भूमि पर विस्थापित हो गये। तो शेष परिवार कृषि मंडी के सामने व गणगोरी मैदान पर अस्थाई रूप से अपने डेरे डाल गुजर बसर कर रहै थे। पालिका प्रशासन ने शहर के सौन्दर्यकरण को लेकर उक्त परिवारो को आवंटित आवासीय कॉलोनी मे जाकर विस्थापित होने की एक पखवाडे पूर्व सुचना दी गई थी।

लेकिन यह परिवार रोजगार के चलते अपने स्थान पर ही जमे रहै। सोमवार को प्रशासन ने अभियान चला सभी गाडिया लूहार परिवारो को फुटपाथ व गणगोरी मैदान से हटा दिया। एसडीएम व कार्यवाहक ईओ अमित चौधरी ने पंचायत समिति विकास अधिकारी अभिमन्यु चौधरी,पालिका के सहायक प्रशासनिक अधिकारी जयनारायण जाट व बृजलाल नगर ग्राम विकास अधिकारी रमेश चन्द सहित राजस्व विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंच सभी परिवारो को आंवटित भूखण्ड का सीमाज्ञान कर कब्जा सुपुर्द किया। मौके पर विधुत व जलदाय विभाग के अधिकारियो को मौके पर बुला तत्काल कॉलोनी मे लाईट व पानी की व्यवस्थाऐं की गई। अब संकट कृषि मंडी के बाहर रह रहै गरीब तबके के छाबडी बनाने वाले परिवारो पर मंडराने लगा है। नगरपालिका शहरी क्षैत्र मे रह रहै इन परिवारो को पंचायत प्रशासन द्वारा भूमि आवंटन की जायेगी या नगरपालिका प्रशासन द्वारा इसको लेकर संशय बरकरार है। वही पालिका प्रशासन से व्यास सर्किल से डेयरी चौराहा होते हुये ट्रक स्टेण्ड चौराहे तक मुख्य सडक किनारे फुटपाथ पर स्थाई व अस्थाई रूप से काबिज लोगो को अपने टीनशेड व कब्जे हटाने की चेतावनी दी।

## सार-समाचार

### ''रुक्टा डेमोक्रेटिक का दीपावली स्नेहमिलन कार्यक्रम''




**वजीरपुर।** राजस्थान विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय शिक्षक संघ रुक्टा डेमोक्रेटिक की ओर से आज दिवाली स्नेह कार्यक्रम का आयोजन राजकीय कन्या महाविद्यालय वजीरपुर में हुआ। संगठन के प्रदेश संयोजक प्रो.रमेश बैरवा ने बताया कि कार्यक्रम में महाविद्यालय के संकाय सदस्यों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर आपसी स्नेह और सद्भाव के उद्गार प्रकट किए। शिक्षक एवं विद्यार्थी हित में रुक्टा डेमोक्रेटिक के संघर्ष और सफलता के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में डॉ. संपूर्णानंद गौतम,डॉ.भूरसिंह गुर्जर, डॉ.गिर्राज प्रसाद जोनवाल, श्री मानसिंह मीणा,श्री विकल्प कावत शामिल रहे।

### दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**शाहपुरा ।** जयपुर ग्रामीण एसपी के निर्देश पर शाहपुरा पुलिस को सफलता मिली। पुलिस ने पार्किंग में खड़े वाहनों से बैटरी, डीजल चोरी करने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार किया। पुलिस ने इंद्राज यादव ओर टिंकू यादव को किया गिरफ्तार। मास्टरमाइंड इंद्राज के खिलाफ शाहपुरा थाने में चार मामले दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपी इंद्राज पर एक हजार रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। पुलिस गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर रही है। डीएसपी मुकेश चौधरी के नेतृत्व में शाहपुरा पुलिस ने कार्रवाई की।

### नैकडोर बाल सुरक्षा व सामाजिक समावेश पर सेमिनार आयोजित

**शाहपुरा ।** कस्बे के एक निजी सभागार में राष्ट्रीय सामाजिक संगठन नैकडोर के तत्वाधान में सोमवार को समावेशी बाल सुरक्षा, सशक्तिकरण, वंचित समुदायों की क्षमता अभिवृद्धि विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अलवर, जयपुर, कोटपूतली, बहरोड़, पावटा, दौसा, विराटनगर, आमेर, शाहपुरा व सांगानेर समेत विभिन्न स्थानों से आमंत्रित प्रतिभागियों का अभिनन्दन कर कार्यक्रम की शुरुआत की। सेमिनार के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष व नैकडोर के संस्थापक अशोक भारती थे। विशिष्ट अतिथि प्रोफेसर रोहित जैन, रवि प्रकाश, सुमेधा बौद्ध आदि रहे। प्रथम चरण में मुख्य अतिथि भारती ने सामाजिक समावेश हेतु नेतृत्व, प्रशिक्षण, उद्देश्यों भावी योजनाओं आदि पर विस्तृत व्याख्यान दिया। प्रोफेसर जैन ने वंचित वर्ग शिक्षा, संसाधनों की अभिवृद्धि, नेतृत्व जुड़ाव आदि पर प्रकाश डाला। रवि प्रकाश व सुमेधा बौद्ध ने दबाव समूह की आवश्यकता, प्रस्तुतीकरण, बाल सुरक्षा, बाल मौलिक अधिकार व जागरूकता पर चर्चा की। कार्यक्रम संयोजक एडवोकेट बीएल आर्य, वरिष्ठ शिक्षक जगदीश नीझर, शिक्षक दीपचंद बुनकर, डॉ.पूरणमल बुनकर, सरदार मल पिंगोलिया, आशा बेनीवाल, सुमित्रा, पिंकी वर्मा, बाबूलाल बैरवा आदि ने विचार व्यक्त किया। सेमिनार में तय किया शीघ्र ही अन्य जिलों में भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। सेमिनार में कानाराम बैरवा, बीएल मेहरडा, भगवान जाटव, प्रदीप, अमर सिंह, भगवानी, अशोक आर्य, हरिमोहन, लक्ष्मी नारायण, कुलदीप आदि ने सहयोग किया। सेमिनार के अंत में सहभोज का आयोजन हुआ। संयोजक एडवोकेट बीएल आर्य ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

### भजन संध्या में नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के कलाकारो ने दी रंगारंग प्रस्तुति

**शाहपुरा न्यूज ।** भूरी डूंगरी चंदवाजी में स्थित भोमिया जी महाराज व पितर जी महाराज के मंदिर में भजनों का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भजन संध्या में नवरंग म्युजिक एण्ड फिल्म्स के गायक व लेखक लालचंद नवरंग ने भजनों की शानदार प्रस्तुति दी और श्रोताओं को जमकर नचाया । साथी कलाकार मोहन सतरंगी ने गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसके बाद सुभाष शर्मा, श्याम नवरंग, मौसम भाई, सुभाष डांसर, विक्की छैला, दीपक हरजनपुरा ने भी अपनी कला की शानदार प्रस्तुति दी। सुबह आरती के बाद कार्यक्रम का समापन हुआ। इस मौके पर सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय कार्यशाला में डॉ.नरूका राजस्थान का करेंगे प्रतिनिधित्व

**निवाई।** पीएमश्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय राहोली के प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका राष्ट्रीय कार्यशाला में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली द्वारा सरकारी स्कूलों में समानता, विविधता और समावेश के लिए नेतृत्व विषय पर राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित कार्यशाला आयोजित होगी जिसमें प्रधानाचार्य डॉ. योगेन्द्रसिंह नरूका राजस्थान का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय कार्यशाला के लिए पूरे राजस्थान से दो प्रधानाचार्यों का चयन हुआ है। जिसमें टोंक जिले से एकमात्र उनका चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला राष्ट्रीय शैक्षिक योजना एवं प्रशासन संस्थान नई दिल्ली में 5 से 8 नवम्बर तक आयोजित होगी।

### शेषनारायण सैनी तहसील महासचिव बने

**फुलेरा।** कस्बे के निवासी समाजसेवी शेषनारायण सैनी को तहसील महासचिव के पद पर नियुक्त किया गया है। फुलेरा तहसील अध्यक्ष गौरीशंकर सैनी ने उपरोक्त जानकारी देते हुए बताया कि राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के प्रदेशाध्यक्ष ताराचन्द गहलोत के निर्देशानुसार एवं जिलाध्यक्ष एडवोकेट सीताराम सैनी की अनुशंसा पर समाज व संगठन के प्रति सैनी की कर्त्तव्यनिष्ठा एवं लगनशीलता को देखते हुए उन्हें राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा के तहसील महासचिव पद पर मनोनीत किया गया है। साथ ही उनसे आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास जताया गया कि उनके मनोनयन से समाज एवं संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी। वहीं समाज के उत्थान के लिए हमेशा तत्पर एवं प्रयत्नशील रहने के लिए निर्देशित किया गया है। शेषनारायण सैनी को महासचिव पद पर नियुक्त होने पर उनके परिचितों व रिश्तेदारों ने व्यक्तिगत एवं मोबाइल पर बधाई और शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### 25 से 27 नवंबर तक होगा मत्स्य उत्सव आयोजन

**अलवर ।** अलवर स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में जिला प्रशासन एवं पर्यटन विभाग के संयुक्त तत्वाधान में 25 नवम्बर से 27 नवम्बर तक तीन दिवसीय मत्स्य उत्सव का आयोजन किया जाएगा जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। पर्यटन विभाग की सहायक निदेशक श्रीमती टीना यादव ने बताया कि मत्स्य उत्सव के अंतर्गत आयोजित फोटो प्रदर्शनी के लिए आमजन द्वारा 10 नवंबर तक ऑनलाइन प्रविष्टियां ंसूंतदहंसूंत1 6/ हउंपसण्बवउ पर भेजी जा सकती है। उन्होंने बताया कि मत्स्य उत्सव के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों में भानगढ पर्यटक स्थल पर लोक कलाकारों द्वारा पर्यटकों का स्वागत, सिलीसेढ पाल पर सांस्कृतिक कार्यक्रम, जगन्नाथ जी मंदिर में विशेष संध्या आरती, योगा फॉर ऑल, सागर पर दीपमाला, लोकरंग सांस्कृतिक कार्यक्रम, नगर वन तक साइकिल रैली, मेहंदी-पेंटिंग एवं रंगाली प्रतियोगिता, फोटो प्रदर्शनी और फ्लॉवर शो आदि आयोजित होंगे।

### भजन कीर्तन का आयोजन

**टोंक।** पीपलू उपखण्ड क्षेत्र के गांव अनवरपुरा खेड़ा में रविवार रात्रि को मंशा पूर्ण महादेव प्रांगण में भजन कीर्तन का आयोजन किया गया, जिस दौरान रामकरण जाट ने बताया कि भजन कीर्तन का शुभारंभ बाबूलाल भाट रेनवाल ने गणेश वंदना के साथ किया। कार्यक्रम में गायक दुर्गा शंकर राव, छितर मल भूरायली, भगवान सहाय रजवास, घनश्याम शर्मा आदि ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां देकर लोगो को नाचने पर मजबूर कर दिया।